<u>मदरसों को एन0सी0सी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ना</u>

मदरसों में एन0सी0सी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के सम्बन्ध में विचार किया गया। यह पाया गया कि–

राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य युवा नागरिकों में चरित्र–निर्माण, भाई–चारा, अनुशासन, धर्म–निरपेक्ष दृष्टिकोण, साहसिक भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इसका एक और उद्देश्य एक ऐसा संगठित, प्रशिक्षित और प्रेषित युवा संगठन तैयार करना है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर सके और चाहे वे कोई भी कैरियर अपनाएं, वे राष्ट्र की सेवा करें। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि राष्ट्रीय कैडेट कोर का उद्देश्य ऐसा वातावरण भी प्रदान करना है, जो युवा भारतीयों को शस्त्र सेना में शामिल होने के लिए प्रेषित करने के अनुकूल है।

देश के युवाओं में चरित्र, भाई–चारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण, साहसिक भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्श विकसित करना। संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवा मानव संसाधन बनाना। जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करना और राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना। ऐसा उपयुक्त वातावरण प्रदान करना जो युवाओं के शस्त्र सेनाओं में कैरियर अपनाने के लिए उन्हें प्रेरित करें।

अतः शिक्षा के साथ ही राष्ट्र सेवा में तत्पर होने हेतु मदरसों में एन.सी.सी. प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया।